भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2777

उत्तर देने की तारीख 5 दिसम्बर, 2019
14 अग्रहायण, 1941 (शक)

ओलम्पिक/एशियाई खेलों की बोली लगाना

2777. श्री सौमित्र खानः
सुश्री एस॰ ज्योतिमणिः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का 2026 यूथ ओलम्पिक, 2030 एशियन गेम्स और 2032 ओलंपिक गेम्स की बोली लगाने का विचार है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भारतीय ओलम्पिक समिति ने उक्त अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने के संबंध में अपने अंतरराष्ट्रीय समकक्षों के साथ कोई चर्चा की थी, तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार मुंबई, कोलकाता या चेन्नै में उक्त अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं हेतु मेजबान शहरों के रूप में विचार कर रही है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या राष्ट्रीय खेल संघ (एनएसएफ) कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट (एटीपी)/ डब्ल्यूटीए या तीरंदाजी (अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी) का आयोजन करेगा तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) ओलम्पिक खेल स्वस्थ्य रहने और खेलों की संस्कृति का विकास करने और ओलम्पिक खेलों के बारे में जागरूकता फैलाने के बारे में क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग) : ओलंपिक्स, यूथ ओलंपिक्स और एशियाई खेलों सहित भारत में बहु-खेल विधा अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं की मेजबानी के लिए बोली लगाने का उत्तरदायित्व भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का है । आईओए के अनुसार उसकी कार्यकारी परिषद और विशेष जनरल असेंबली ने 2026 यूथ ओलंपिक खेलों, 2030 एशियाई खेलों और 2032 ओलंपिक खेलों की

मेजबानी के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटेरेस्ट जारी करने का निर्णय कर लिया है । स्थानों के संबंध में निर्णय करने का समय अभी नहीं आया है ।

(घ) अखिल भारतीय टेनिस संघ के अनुसार भारत में निम्नलिखित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित किए जाने निर्धारित हैं :-

1. 3 फरवरी, 2020 वाले सप्ताह में एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल्स (एटीपी) टूर टाटा ओपन महाराष्ट्र
2. एटीपी चैलेंजर-10 फरवरी, 2020 वाले सप्ताह में
3. सोलापुर में आईटीएफ $25,000 इवेंट-2 दिसम्बर, 2019 वाले सप्ताह में
4. पुणे में आईटीएफ $25,000 इवेंट-9 दिसम्बर, 2019 वाले सप्ताह में
5. नवी मुम्बई में आईटीएफ $25,000 इवेंट-16 दिसम्बर, 2019 वाले सप्ताह में
6. जोधपुर में आईटीएफ $25,000 इवेंट-17 फरवरी, 2020 वाले सप्ताह में

इस समय भारत में तीरंदाजी में कोई अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा आयोजित की जानी निर्धारित नहीं है ।

(ङ) खेलों और खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय खेलो इंडिया स्कीम कार्यान्वित कर रहा है और खिलाड़ियों को उनके प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के लिए सहायता और समर्थन प्रदान कर रहा है । माननीय प्रधानमंत्री ने सभी नागरिकों में फिटनेस और शारीरिक कसरत यथा खेल, योगासन, सैर, साइक्लिंग, नृत्य आदि के माध्यम से उनकी दिनचर्या में फिटनेस के महत्व के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए 29.08.2019 को फिट इंडिया मूवमेंट का शुभारंभ किया है। फिटनेस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए राज्यों/ संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों सहित केन्द्र सरकार की भूमिका प्रेरक की है ।

****